छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

पंचम विधान सभा | प्रथम सत्र | अंक-04

रायपुर, बुधवार, दिनांक 9 जनवरी, 2019

(पौष 19, शक संवत् 1940)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.01 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (डॉ.चरणदास महंत) पीठासीन हुए।)

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही श्री अजय चन्द्राकर, सदस्य ने विशेषाधिकार भंग की सूचना का उल्लेख किया।

माननीय अध्यक्ष ने कथन किया कि विशेषाधिकार भंग की सूचना विचाराधीन है।

1. अनुपस्थिति की अनुज्ञा

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-27, मुंगेली से निर्वाचित सदस्य श्री पुन्नूलाल मोहले को जनवरी, 2019 सत्र में दिनांक 7 जनवरी, 2019 से दिनांक 11 जनवरी, 2019 तक सभा की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा चाही गई है ।

(सदन द्वारा अनुज्ञा प्रदान की गई ।)

2. माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा

माननीय राज्यपाल महोदया के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव के संबंध में श्री अमरजीत भगत, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की।

माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर निम्नलिखित सदस्यों के संशोधन प्रस्तुत हुए :-

सर्वश्री धरमलाल कौशिक, नेता प्रतिपक्ष, ननकीराम कंवर, अजय चन्द्राकर, शिवरतन शर्मा, नारायण चंदेल, डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी,श्री अजीत जोगी, डॉ.रेणु अजीत जोगी, सर्वश्री धर्मजीत सिंह, विद्यारतन भसीन, भीमा मण्डावी, केशव प्रसाद चन्द्रा, देवव्रत सिंह, सौरभ सिंह, डमरूधर पुजारी, रजनीश कुमार सिंह, श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू, श्री प्रमोद कुमार शर्मा, श्रीमती इंदू बंजारे।

माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव व संशोधनों पर एक साथ हुई चर्चा में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-

श्री अजीत जोगी,

चर्चा के दौरान श्री अजय चंद्राकर द्वारा आपत्तिजनक कविता का उल्लेख किये जाने पर वाद-विवाद हुआ ।

श्री रविन्द्र चौबे, संसदीय कार्यमंत्री ने कथन किया कि माननीय सदस्य को इसके लिये खेद व्यक्त करना चाहिये ।

माननीय अध्यक्ष ने कथन किया कि आपत्तिजनक शब्द को विलोपित कर दिया गया है। अब इस पर चर्चा नहीं होगी । अब यह माननीय सदस्य के विवेक पर निर्भर है कि वे माफी मांगते है या नहीं ।

श्री अजय चंद्राकर, सदस्य ने आसंदी के निर्देशानुसार शब्द वापस लेते हुये खेद व्यक्त किया ।

श्री दलेश्वर साहू

(सभापति महोदय (श्री अमरजीत भगत) पीठासीन हुए।)

डॉ.रमन सिंह,

(अध्यक्ष महोदय (डॉ.चरणदास महंत) पीठासीन हुए।)

श्री मोहन मरकाम,

(सभापति महोदय (श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह) पीठासीन हुए।)

सर्वश्री अजय चंद्राकर, अरूण वोरा, सौरभ सिंह

(सभापति महोदय (सत्यनारायण शर्मा) पीठासीन हुए।)

सर्वश्री धर्मजीत सिंह, संतराम नेताम, डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, श्री केशव प्रसाद चंद्रा,

(अध्यक्ष महोदय (डॉ.चरणदास महंत) पीठासीन हुए।)

डॉ.लक्ष्मी ध्रुव,श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा, श्रीमती छन्नी चन्दू साहू,श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू,श्रीमती संगीता सिन्हा, श्रीमती इन्दू बंजारे, सुश्री शकुन्तला साहू, सर्वश्री मोहित राम, विक्रम सिंह मंडावी, गुलाब कमरो, रजनीश कुमार सिंह, डॉ.विनय जायसवाल, श्री पुरूषोत्तम कंवर

(माननीय अध्यक्ष ने सदन की सहमति से नवीन सदस्यों के भाषण पूर्ण होने तक समयवृद्धि की घोषणा की गई ।)

सर्वश्री प्रमोद कुमार शर्मा, चन्द्रदेव प्रसाद राय, अनूप नाग,

(सभापति महोदय (शिवरतन शर्मा) पीठासीन हुए।)

सर्वश्री शैलेष पाण्डे, शिशुपाल सोरी, देवेन्द्र यादव, डमरूधर पुजारी, किस्मत लाल नंद, आशीष छाबड़ा,

(अध्यक्ष महोदय (डॉ.चरणदास महंत) पीठासीन हुए।)

श्रीमती अंबिका सिंहदेव, सर्वश्री इन्द्रशाह मण्डावी, कुंवर सिंह निषाद,

सायं 6.41 बजे विधान सभा की कार्यवाही गुरुवार, दिनांक 10 जनवरी, 2019 (पौष-20, शक संवत् 1940) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

चन्द्र शेखर गंगराड़े
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा